**फाउंडेशनल और प्रिप्रेटरी स्तर के बच्चों के लिए हिन्दी एवं अंग्रेज़ी में बाल साहित्य के लिए आमंत्रण**

| |
|---|
| फाउंडेशनल और प्रिप्रेटरी स्तर के लिए 2014 अथवा इसके बाद प्रकाशित बाल साहित्य भेजें। उल्लिखित वर्ष से पूर्व प्रकाशित बाल साहित्य पर विचार नहीं किया जाएगा। |

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा फाउंडेशनल स्टेज 2022 बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसा कि एनसीएफ-एफएस 2022 में परिकल्पना की गई है, फाउंडेशनल और प्रिपरेटरी चरणों में बच्चे प्रिंट-समृद्ध वातावरण, खेल और खोज आधारित अधिगम पर जोर देते हुए उत्तेजक और आकर्षक वातावरण में बेहतर तरीके से सीखते हैं। बाल साहित्य शिक्षण अधिगम वातावरण के निर्माण और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह न केवल साक्षरता और संख्यात्मक कौशल के लिए उपकरण के रूप में कार्य करता है, बल्कि बच्चों में आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल भी विकसित करता है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उन संसाधनों के विकास में शामिल है जो सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में सहायता करते हैं और समझते हैं कि संसाधनों की पहचान, जोड़ और संशोधन सहित विकास का महत्व निरंतर जारे रहता है। इस संदर्भ में, यह बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है कि बुनियादी और प्रिपरेटरी चरणों के  लिए उपलब्ध साहित्य की समीक्षा की जाए और इसकी उपयुक्तता सुनिश्चित की जाए।

परिषद ने प्राथमिक स्तर के लिए संसाधनों की समीक्षा शुरू की राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, भाषा और साक्षरता के विकास के लिए प्रिंट समृद्ध वातावरण की महत्ता का लगातार समर्थन करता रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा मंत्रालय का दस्तावेज़ '***निपुण भारत***' (National Initiatives for Reading with comprehension and Numeracy) पूर्व प्राथमिक स्तर से कक्षा 3 तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या बोध का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। शुरुआती वर्षों में बच्चों के पढ़ना-लिखना और गणितीय संक्रियाओं को सीखने के संदर्भ में आयु-उपयुक्त एवं रोचक संसाधन सामग्री की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों के लिए यह संसाधन सामग्री अनेक रूपों में उपलब्ध है – कहानी की किताबें, कविता-संकलन, पोस्टर्स, हस्तपुस्तिका(booklets), कार्ड्स, फ्लिप चार्ट्स, बाल पत्रिका आदि। इस संदर्भ में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि बुनियादी स्तर के बच्चों के लिए उपलब्ध सामग्री की समीक्षा करते हुए उसकी उपयुक्तता सुनिश्चित की जाए।

परिषद में प्राथमिक स्तर के लिए (कक्षा 1 से 5 तक) इस तरह की समीक्षा का कार्य 2008 में (पूर्व में Reading Development Cell, प्रारम्भिक साक्षरता कार्यक्रम) प्रारंभ हुआ था और चयनित बाल साहित्य की सूची एनसीईआरटी की बेवसाइट पर अपलोड की गई  थी।

वर्ष 2021-22 में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या बोध कार्यक्रम, प्रारंभिक शिक्षा विभाग बच्चों की रुचि, स्तर एवं आवश्यकता के अनुसार पूर्व-प्राथमिक स्तर से कक्षा 5 के लिए हिंदी, अंग्रेज़ी और उर्दू में प्रकाशित संसाधन सामग्री के चयन की प्रक्रिया का आंरभ कर रहा है। इस संसाधन सामग्री में प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए बाल साहित्य, पोस्टर, कविता कार्ड, बाल पत्रिका, 'फ्लिप चार्ट' आदि सामग्री शामिल है। बच्चों के लिए आमंत्रित इस संसाधन सामग्री की समीक्षा के बाद चयनित सूची तैयार कर एनसीईआरटी की बेवसाइट पर अपलोड की जाएगी। जिससे पूर्व-प्राथमिक से प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए स्कूल, शिक्षक, पुस्तकालय, अभिभावक और स्वयं बच्चे भी उपयुक्त संसाधन सामग्री का निर्धारण कर सकें।

यह अपेक्षा की जाती है कि किताबों की विषय-वस्तु और भाषा बच्चों की आयु के अनुरूप हो। आयु-विशेष में सामने आने वाली उलझनें, उत्सुकताएँ, दिलचस्पी, भावनाओं आदि के मद्देनजर विषय-वस्तु को स्वाभाविक सहजता के साथ कहानी या कविता में बुना गया हो। साथ ही बच्चों के संज्ञानात्मक विकास का खयाल रखते हुए किसी अवधारणा या समसामायिक सामाजिक मुद्दे को उनकी ज़रूरतों के अनुरूप लहज़े और स्तर पर पेश किया गया हो। इन किताबों में चित्रों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। चित्र स्पष्ट, आकर्षक एवं कथा के अनुकूल हों।

## विषय-वस्तु और विधाएँ

बाल साहित्य कई विधाओं और विषयों पर आधारित हो सकता है। ये घर-परिवार, दोस्ती, खान-पान, खेल, मौसम, हाट, बाज़ार जैसे रोज़मर्रा की आम घटनाओं से संबंधित हो सकते हैं या फिर कोई खास घटना, उत्सव, त्योहार, छुट्टियों के दिन, मन में दबी बातें, सपनों आदि पर आधारित हो सकते हैं। सुविधा के लिए हम किताबों को निम्नलिखित वर्गो में बाँट सकते हैं-

- कविताएँ/ कविता संकलन
- शब्द रहित चित्र-कथाएँ
- सचित्र कहानियाँ
- समसामयिक कहानियाँ
- पौराणिक कथाएँ
- परीकथाएँ
- हास्य-व्यंग्य के किस्से-कहानियाँ
- यात्रओं के किस्से
- रोमांचक कथाएँ
- जीवनी

- कॉमिक्स
- जानकारीपरक सामग्री
- 'क्यों' और 'कैसे' बताने वाली कहानियाँ
- फैंटेसी
- ऐतिहासिक पात्रें पर आधारित कहानियाँ
- लोक कथाएँ
- दंत कथाएँ

इन पुस्तकों को हम दो आयुवर्गों (तीन वर्षीय पूर्व प्राथमिक (प्री-स्कूल), कक्षा I, II एवं III, IV, V) में बाँट सकते हैं। खास तौर से पूर्व प्राथमिक और पहली-दूसरी कक्षा के बाल-पाठकों के लिए शब्द रहित चित्र पुस्तकें, ऐसी पुस्तकें जिनमें शब्दों और वाक्यों का दोहराव हो, बड़े आकार की किताबें (बिग बुक) और चित्रात्मक पुस्तकें (इलस्त्रटेटेड बुक) आमंत्रित हैं। ऐसी कहानियाँ भी हों जिनमें कथा को आगे बढ़ाने के क्रम में वाक्यांशों या शब्दों के दोहराव के साथ नए पात्र जुड़ते चले जाएँ (cumulative books)।

सामग्री भेजने से संबंधित विशेष बिंदु -

- इस चयन-प्रक्रिया में पाठ्यपुस्तकों और अभ्यास पुस्तिकाओं, सुलेख पुस्तिका, व्याकरण आदि की पुस्तकों पर विचार नहीं किया जाएगा।
- पुस्तकें धर्म, क्षेत्र, जाति, लिंग, भाषा, विशेष योग्यतावाले व्यक्तियों से संबंधित या अन्य किसी भी प्रकार के निजी पूर्वाग्रह से मुक्त हों।
- पुस्तकें द्विभाषी न हों। केवल हिंदी या अंग्रेज़ी में हों।
- चित्रों में कोई आपत्तिजनक संकेत न हों।
- प्रकाशक विशेष रूप से यह ध्यान दें कि पुस्तकें (बुनियादी स्तर - तीन वर्षीय पूर्व प्राथमिक (प्री-स्कूल), कक्षा I, II एवं कक्षा III, IV, V) तक के लिए ही हों, बड़े बच्चों के लिए नहीं।
- आप क्रमिक पुस्तकमाला के अंतर्गत तैयार की गई पुस्तकों को स्वतंत्र रूप से भेज सकते हैं तो उसी रूप में भेजें, पुस्तकमाला के तौर पर नहीं। उसमें  पुस्तकमाला 'कोड', 'कलर', 'संख्या' आदि न दें।

प्रकाशक या पुस्तक भेजने वाले यह अवश्य सुनिश्चित करें कि दोनों आयुवर्गों (बुनियादी स्तर यानी तीन वर्षीय पूर्व प्राथमिक(प्री-स्कूल), कक्षा I, II एवं कक्षा III, IV, V के लिए पुस्तकें अलग-अलग पार्सल या बंडल में भेजी जाएँ। साथ ही सूची व पैकेट के ऊपर स्पष्ट रूप से लिखा हो कि यह किस आयु वर्ग के लिए है।

पुस्तकें भेजने पर खर्च होने वाली राशि का भुगतान परिषद् द्वारा नहीं किया जाएगा। अब तक प्रकाशित पुस्तकों की तीन-तीन प्रतियाँ **15 जनवरी 2024 तक** निःशुल्क रूप में भिजवाएँ।

पुस्तकें भेजने के पश्चात उनके चयन के संबंध में फोन, ई मेल या किसी अन्य माध्यम द्वारा विभाग से संपर्क न किया जाए। ऐसा होने पर पुस्तकों को चयन समिति के विचारार्थ नहीं रखा जाएगा।

पुस्तकें इस पते पर भेजें -

**प्रोफेसर उषा शर्मा**

समन्वयक

प्रारंभिक शिक्षा विभाग

कक्षा संख्या 307, तीसरी मंज़िल,

जी. बी. पंत ब्लॉक

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016

(प्रोफेसर सुनीति सनवाल)

अध्यक्ष

प्रारंभिक शिक्षा विभाग